MIC ARTS & SCIENCE COLLEGE
Chattanchal
Thekkil P.O.
KASARAGOD

K20U 0499

Reg. No. : ..............................

Name : ..................................

# II Semester B.C.A./B.S.W./B.Sc. L.R.P. Degree CBCSS (OBE) – Regular Examination, April 2020
## (2019 Admission)
## ADDITIONAL COMMON COURSE IN HINDI
## 2A08-2HIN : Sahithya Aur Prayog

Time : 3 Hours                                                                 Max. Marks : 40

I. कम से कम **300** शब्दों में किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए ।  (1×7=7)

1) 'परीक्षा' कहानी में सरदार सुजान सिंह ने नये दीवान की नियुक्ति किस प्रकार की जाती है ? विस्तार से लिखिए ।

2) 'पंचलाइट' कहानी का सारांश लिखकर उसके उद्देश्य पर अपना विचार लिखिए ।

II. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।  (2×5=10)

3) आप जिस सामान का व्यापार करते हैं, उसके मूल्य के संबंध में पूछताछ की है । इस पूछताछ का उचित उत्तर लिखिए, जिसमें माल का मूल्य तथा वे शर्तें बतलाइये जिन पर आप माल भेजने को तैयार हैं ।

4) आपने कपड़े धोने का साबुन तथा मंजन तैयार किया है । अपने वर्तमान और संभावित ग्राहकों को गश्ती पत्र लिखिये और उनसे आर्डर भेजने की प्रार्थना कीजिये । पत्र प्रभावपूर्ण होना चाहिए ।

5) चौधरी एण्ड संस, कश्मीरी गेट, दिल्ली-६ से आपने कुछ माल मँगवाया है जो कि नमूने के अनुसार नहीं है । उनको शिकायत लिखते हुए क्षतिपूर्ति की माँग कीजिए ।

III. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए ।  (1×5=5)

6) शिक्षा मंत्री के साथ नई शिक्षा-नीति के बारे में किसी पत्रकार का वार्तालाप प्रस्तुत कीजिए ।

7) पुस्तकालयाध्यक्ष के साथ नई पुस्तक संबंधी जानकारी के बारे में संभावित वार्तालाप तैयार कीजिए ।

P.T.O.

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (4x1=4)

8) संज्ञाओं के रूपान्तर से क्या तात्पर्य है ? उदाहरण देकर समझाइए ।

9) निजवाचक सर्वनाम क्या है ? सोदाहरण व्यक्त कीजिए ।

10) क्रिया की परिभाषा लिखकर उदाहरण सहित समझाइए ।

11) करण कारक क्या है ? उदाहरण सहित लिखिए ।

V. मुहावरे और कहावतों का सही अर्थ लिखिए । (5x1=5)

12) अपने पाँव पर आप ही कुल्हाडी मारना ।

13) जलती आग में घी डालना ।

14) एक तो करेला दूसरा नीम चढ़ा ।

15) धोबी का कुत्ता न घर का न घाट का ।

16) हाँथी के दाँत दिखाने के और खाने के और ।

VI. किसी एक खंड का अंग्रेज़ी या मलयालम में अनुवाद कीजिए । (5x1=5)

17) ताजमहल एक अत्यन्त प्रसिद्ध भवन है । यह संसार के आश्चर्यों में से एक है । यह आगरा में यमुना के दक्षिणी तट पर स्थित है । इसका निर्माण शाहजहाँ ने कराया था । उन्होंने इसे अपनी प्रिय पत्नी मुमताज महल की स्मृति में बनवाया था । इस ऐतिहासिक भवन को देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं । वर्षा ऋतु में जब सभी ओर के दृश्य अतीव सुन्दर होते हैं तब इसे देखना अत्यन्त आनन्दप्रद होता है । सैकड़ों वर्ष व्यतीत हो चुके हैं, किन्तु इसका सौन्दर्य वैसा ही है जैसा कि उस समय था जब इसका निर्माण हुआ था ।

18) महात्मा बुद्ध का जन्म २५०० वर्ष पूर्व हुआ था । वे अहिंसा के महान प्रचारक थे । उनका कहना था कि सबके प्रति दयालु रहना हमारा कर्त्तव्य है । एक दिन उन्होंने एक वृद्ध मनुष्य को देखा । तत्पश्चात् उन्होंने एक मृत व्यक्ति को देखा । इस पर उन्हें हार्दिक वेदना हुई । उन्होंने अपना गृह त्याग दिया और तपस्या के लिए वनों में चले गये । वे वहाँ छः वर्ष तक रहे और अन्त में एक दिन उन्हें अपनी इच्छित वस्तु प्राप्त हो गयी । उस दिन से वे बुद्ध कहलाये । उन्होंने 'बौद्ध धर्म' नामक एक नये धर्म का प्रचार भी किया ।